नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 08.02.2021

ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 08.02.2021 को नगर के वार्ड संख्या 01 गदियाना एवं जलालनगर क्षेत्र में वॉक-टॉक एवं रिजाल्व कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर निगम से सबंन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु आयोजित किया गया कैंप।**

1. नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 08.02.2021 को नगर के वार्ड संख्या 01 गदियाना एवं जलालनगर क्षेत्र में **वॉक-टॉक एवं रिजाल्व के अन्तर्गत** नगर निगम से सबंन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु कैंप आयोजित किया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार आयोजित कैंप में नगर निगम के समस्त विभागों-स्वास्थ्य विभाग,निर्माण विभाग,जलकल विभाग,पथ प्रकाश एवं कर निर्धारण विभाग के इंस्पेक्टर एवं अवर अभिंयता तक के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर वॉक-टॉक एवं रिजाल्व कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। जिसके दृष्टिगत नगर क्षेत्र में आयोजित कैंप का नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा क्षेत्रवासियों से वार्ता कर क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं की जानकारी की गई तथा क्षेत्रवासियों से प्राप्त समस्याओं को तत्काल रुप से निस्तारित किये जाने हेतु सबंन्धितो को निर्देशित किया गया। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान लाईट खराब पाये जाने पर नगर आयुक्त महोदय ने अपनी उपस्थिति में लाईट को ठीक कराया। आयोजित कैंप में उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे,सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता,नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी0 गौतम,अवर अभिंयता निर्माण श्री विक्रमाजीत सिंह यादव,सहायक अभियंता जलकल श्री उमेश कुमार, समस्त राजस्व निरीक्षक श्री अश्वनी अवस्थी,श्री तुषार त्रिव्रदी,श्री शिवपूजन सिंह,श्री सुनील कुमार,समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार,श्री हरवंश कुमार दीक्षित,श्री राजमगंल गगंवार,श्री चन्द्रवीर सिंह सागर,श्री सुनील कुमार शाक्य एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा जलालनगर क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 की क्षेत्रवासियों को जानकारी देने के उद्देश्य से एवं स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में लोगो की अधिक से अधिक भागीदारी कराये जाने हेतु कैनोपी लगाई गई। जिसमें क्षेत्रवासियों को स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के बारे में जन-सामान्य को जागरुक किया गया एवं लगभग 150 लोगो द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में सक्रिय प्रतिभाग कर वोटिंग की गई।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।